# मई 2025 में संपन्न की गई राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की विविध गतिविधियाँ


1. **स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन** :- 26.05.2025 को राजनांदगांव स्टेशन, 27.05.2025 को मोतीबाग, 28.05.2025 को डीजल लोको शेड/मोतीबाग तथा 29.05.2025 को छिंदवाड़ा स्टेशन के राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन किया गया।





2. **राजभाषा निरीक्षण** :-

माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा संरक्षा विभाग/ नागपुर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य)/बेलीशॉप, रेवराल स्टेशन, मुड़हीपार स्टेशन, छिंदवाड़ा स्टेशन तथा घंसौर स्टेशन (**कुल 06**) का राजभाषा विषयक मदों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों को दूर करने हेतु मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया।







3. **जयंतियों का आयोजन** :- दिनांक 07.05.2025 को गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर हिंदी पुस्तकालय, भंडारा रोड में रवीन्द्रनाथ टैगोर जी की जयंती मनायी गई।



4. **<u>हिंदी कार्यशाला</u>** :- (1) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 28.05.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 16 रेलकर्मी शामिल हुए ।

(2) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 29.05.2025 को छिंदवाड़ा स्टेशन के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 रेलकर्मी शामिल हुए ।




5. माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा ई – आफिस में हिंदी का प्रयोग एवं अधिकारियों द्वारा यथोचित टिप्पणियों/फुट नोट्स में हिंदी का प्रयोग करने के संबंध में 03 अधिकारियों (सहायक मंडल इंजीनियर/छिंदवाड़ा, मंडल विद्युत इंजीनियर (विद्युत कर्षण) तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को टेबल ट्रेनिंग दी गई ।

6. **<u>यूनिकोड सक्रियण :</u>-** संदर्भित माह के दौरान परिचालन, संरक्षा, इंजीनियरी, वाणिज्य तथा कार्मिक विभाग के नए खरीदे गए/ फार्मेटिंग किए गए कुल 08 कम्प्यूटरों में यूनिकोड इंस्टाल किया गया ।

7. **<u>हिंदी में अनुवाद</u> :-**
संदर्भित माह में राजभाषा विभाग के कार्मिकों द्वारा दैनिक कंट्रोल बैठक के कार्यवृत्त (कुल 04 पृष्ठ) का हिंदी में अनुवाद किया गया ।

8. **<u>पुस्तक समीक्षा</u> -** माह मई, 2025 में कुल 04 पुस्तक समीक्षाएं प्राप्त हुईं ।